**01.09.2026**

**To,**

| | |
|---|---|
| **The Manager**<br>**Listing Department**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**Bandra Kurla Complex, Bandra (East)**<br>**Mumbai – 400 051**<br>**Symbol: JASH** | **The Manager**<br>**Listing Department**<br>**BSE Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**<br>**Dalal Street, Mumbai - 400 001.**<br>**Scrip Code: 544402** |

**Dear Sir,**

**Sub.: Submission of copy of Newspaper Advertisement of Notice of the 52nd Annual General Meeting of the Company**

In compliance with the applicable provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby submit copy of newspaper publication of the Notice of the 52nd Annual General Meeting of the Company to be held on Wednesday 23rd September, 2026 at 05:30 p.m. (IST) through Video Conferencing / Other Audio-Visual Means (VC/ OAVM) facility, published on 01.09.2026 in newspapers viz. Financial Express (in English)_Mumbai Edition and Choutha Sansar (in Hindi).

You are kindly requested to take on record the above said information.

**Thanking You,**
**Yours Faithfully,**
**For JASH Engineering Limited**

TUSHAR KHARPADE
Digitally signed by TUSHAR KHARPADE
Date: 2026.09.01 18:30:14 +05'30'

**Tushar Kharpade**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Encl.: A/a**

चौथा संसार
मंगलवार 1 सितम्बर 2026



## एक नजर

### सीलिंग कार्रवाई से हंगामा, 15 से ज्यादा प्रतिष्ठान बंद

भोपाल,(निप्र)। रहवासी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई सोमवार सुबह 9 बजे से शुरू हुई। रचना नगर में जूंबा डांस हाउस को सील किया गया, जबकि सर्वधर्म, अरेरा कॉलोनी और खानूगांव में चार घंटे के भीतर 15 से अधिक प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया। अरेरा कॉलोनी में कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने विरोध जताया। आर्य समाज मंदिर के पास पहुंची निगम की टीम को दुकानदारों ने घेर लिया। उनका आरोप था कि एक ही बिल्डिंग की दुकानों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि आसपास अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी संचालित हैं। विरोध बढ़ने पर निगम अमला आगे बढ़ गया। कई दुकानदारों ने छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई और बड़े प्रतिष्ठानों को छूट देने का आरोप लगाया। 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि इससे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने या मिक्स लैंड यूज व्यवस्था लागू करने की मांग की। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले रहवासी विवेक त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि निगम की कार्रवाई दिखावटी है और बड़े प्रतिष्ठानों को छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाई जाएगी। निगम ने प्रतिष्ठानों पर व्यावसायिक गतिविधियां बंद होने की सूचना वाली तख्तियां भी लगाईं।

### होटल ग्रुप से एक करोड़ की साइबर ठगी फर्जी ईमेल से लगाया एक करोड़ का चूना

भोपाल,(निप्र)। राजधानी भोपाल में हैरिटेज होटल ग्रुप से करीब एक करोड़ रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। नूर-उस-सबाह पैलेस से जुड़े रिलायबल ग्रुप के बैंक खातों से साइबर ठगों ने फर्जी ईमेल आईडी के जरिए धोखाधड़ी की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ठगों ने रिलायबल ग्रुप को बैंक खाते से संबंधित गलत जानकारी फर्जी ईमेल के जरिए भेजी। कर्मचारियों ने इस जानकारी पर भरोसा करते हुए रकम बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दी। रकम पहुंचते ही साइबर अपराधियों ने तेजी से पैसे अलग-अलग खातों में भेजना शुरू कर दिया। पुलिस की शुरूआती जांच के अनुसार करीब एक करोड़ रुपये की रकम महज तीन घंटे में देश के अलग-अलग राज्यों के लगभग 200 बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। ठगी का पता चलते ही रिलायबल ग्रुप ने साइबर पुलिस से शिकायत की।
साइबर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अलग-अलग खातों में भेजी गई करीब 95 लाख रुपये की रकम होल्ड करा ली। शुरूआती जानकारी के मुताबिक साइबर अपराधी करीब 5 लाख रुपये निकालने में सफल रहे। पुलिस अब फर्जी ईमेल, बैंक खातों और रकम ट्रांसफर करने वाले नेटवर्क की जांच कर रही है।

### प्रदेश में पेंशन मामलों की समय-सीमा तय

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। अब ऑनलाइन पेंशन प्रकर ों का निराकर । तय समय-सीमा में करना अनिवार्य होगा। वित्त विभाग ने राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के तहत पेंशन मामलों के निपटारे के लिए अधिकतम 15 कार्य दिवस की समय-सीमा तय की है। देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सामान्य नवीन पेंशन प्रकर ों में क्रियेटर, वेरिफायर और एप्रूवर–तीनों स्तरों पर पांच-पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं। यानी पूरा मामला अधिकतम 15 कार्य दिवस में निपटाना होगा। वहीं, पुनरीक्षित पेंशन प्रकर । 10 कार्य दिवस में निपटेंगे। इनमें क्रियेटर के लिए चार, वेरिफायर के लिए तीन और एप्रूवर के लिए तीन दिन निर्धारित हैं। वेतन निर्धार । से जुड़े मामलों के लिए 11 कार्य दिवस की समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने समीक्षा के दौरान कई कार्यालयों में पेंशन प्रकर । लंबे समय से लंबित पाए जाने के बाद यह व्यवस्था लागू की है।

### रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष सप्रे पहुंचे फिटनेस सेंटर

भोपाल,(निप्र)। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने अनफिट वाहनों को फिट घोषित करने की प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के निर्देश दिए हैं। श्री सप्रे ने सोमवार को बायपास स्थित भोपाल ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर का आकस्मिक निरीक्ष । किया गया। अध्यक्ष सप्रे ने वाहनों का फिटनेस किये।

# विद्यार्थियों को आज मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए



भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि का अंतरण करेंगे। विद्यार्थियों को यह राशि 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिये राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

#### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का संबल

प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। इस प्रकार विद्यार्थियों को कुल 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की यह पहल प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लैपटॉप के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल पाठ्य सामग्री, ई-लर्निंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर अपनी शिक्षा को और बेहतर बना सकेंगे।



# धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को अवगत कराना हमारी प्राथमिकता :मुख्यमंत्री

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा को पर्यटन के अद्भुत केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ओरछा का राम राजा मंदिर हमारे गौरवशाली अतीत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा है। यहां के मंदिर एवं महल तत्कालीन समृद्ध स्थापत्य के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जो हमें हमारी प्राचीन धरोहर और संस्कृति से जोड़े रखते हैं। ये तत्कालीन उन्नत तकनीक और स्थापत्य के भी अद्भुत उदाहरण हैं, पहले एअर कंडीशनर नहीं होते थे, लेकिन यहां के भवन वातानुकूलित बने है, जो गर्मी में ठंडे और ठंड में गर्मी का एहसास कराते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज ओरछा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केन्द्र श्री रामराजा लोक में जारी निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में यह विचार-व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निमार्णाधीन रामराजा लोक परिसर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए प्रतिष्ठान संचालकों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने जहांगीर महल का भ्रमण कर यहां की ऐतिहासिक एवं समृद्ध स्थापत्य कला का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को निरीक्षण के दौरान आर्किटेक्ट द्वारा मंदिर परिसर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक सावन-भादो स्तंभों के संरक्षण एवं उनके स्थापत्य महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि रामराजा लोक की संरचना एवं विकास कार्यों को आकार देते समय मंदिर परिसर की प्राचीन धरोहरों, विशेषकर सावन-भादो स्तंभों के मूल स्वरूप एवं ऐतिहासिक महत्व का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



# जल्द भरे जाएंगे खाली पद,दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

भोपाल,(निप्र)। मप्र भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ओरछा में संपन्न हो गई। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने निगम मंडलों के रिक्त पद जल्द भरने के संकेत दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार में रिक्त पदों को जल्द भरे जाने की बात कही। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में प्रदेश सरकार कई महत्वपूर्ण निगमों, मंडलों, आयोगों और अन्य संस्थाओं में नियुक्तियों का रास्ता साफ कर सकती है। मध्य प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही कई सरकारी संस्थाओं में राजनीतिक नियुक्तियां लंबित हैं। निगम-मंडल, बोर्ड और विभिन्न प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत अन्य पद लंबे समय से रिक्त हैं। इन पदों पर नियुक्तियों को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच भी लगातार चर्चा होती रही है। अब मुख्यमंत्री के संकेत के बाद इन नियुक्तियों की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। पार्टी के सक्रिय नेताओं और संगठन में जिम्मेदारी निभा च ा ु क े पदाधिकारियों को इन नियुक्तियों में स्थान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन और सरकार के बीच समन्वय को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री के संकेत को आगामी समय में संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को सरकार में जिम्मेदारियां देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, किन-किन संस्थाओं में नियुक्तियां होंगी और किन नामों पर अंतिम मुहर लगेगी, इसे लेकर अभी आधिकारिक सूची सामने नहीं आई है। आने वाले दिनों में सरकार की ओर से नियुक्तियों को लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न,सीएम का बड़ा संकेत**

# बारिश से ही होगी सितंबर की शुरुआत

**भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पूर्वी हिस्से में सक्रिय मौसम प्रणाली के प्रभाव से आने वाले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।**

मौसम विभाग ने रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा भोपाल संभाग और आसपास के जिलों में भी मध्यम से तेज बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सितंबर की शुरूआत भी मध्य प्रदेश के लिए बारिश लेकर आ सकती है। शुरूआती तीन दिनों के दौरान सीधी, उमरिया, मंडला, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इन इलाकों में करीब 4 से 8 इंच तक बारिश होने का अनुमान है। लगातार बारिश और नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन को भी अलर्ट मोड पर रहने की जरूरत है।

सतना जिले में लगातार बारिश के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर करीब 30 फीट तक पहुंच गया है। वहीं, गोरगी बांध के टूटने के बाद आसपास के निचले इलाकों में पानी भर गया है।बाढ़ के तेज बहाव की चपेट में आने से चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट का बड़ा पुल भी बह गया। बिगड़ते हालात को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र के सभी स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया था। उन्होंने राहत शिविरों में पहुंचे प्रभावित लोगों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**भोपाल का बड़ा तालाब भी छलकने को तैयार**

#### भरने की कगार पर भोपाल का बड़ा तालाब

राजधानी भोपाल में भी बारिश के कारण बड़ा तालाब तेजी से भर रहा है। तालाब का जलस्तर 1666.50 फीट तक पहुंच गया है, जो निर्धारित फुल टैंक लेवल से महज 0.30 फीट कम है। यदि तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल तक पहुंचता है तो भदभदा बांध के गेट खोले जा सकते हैं। इससे कलियासोत नदी में पानी का बहाव बढ़ने की संभावना है। प्रशासन की नजर लगातार तालाब के जलस्तर पर बनी हुई है।

# कांग्रेस में नियुक्तियों को लेकर बदली रणनीति

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर लगातार सामने आए विवादों के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रणनीति में बदलाव किया है। अब जिला स्तर पर संगठन में होने वाली नियुक्तियों में किसी एक नेता की पसंद को अंतिम आधार नहीं बनाया जाएगा। संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बाद ही नामों पर अंतिम मुहर लगाने की तैयारी है।

दरअसल, पिछले कुछ समय में कई जिलों में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर कार्यकताओं और नेताओं में असंतोष सामने आया। कुछ मामलों में विरोध बढ़ने पर कांग्रेस को नियुक्तियां वापस लेकर दोबारा विचार करना पड़ा। इससे स्थानीय स्तर पर संगठन और कार्यकताओं के बीच समन्वय प्रभावित हुआ। अब पार्टी ने इन विवादों से सबक लेते हुए सहमति आधारित नियुक्तियों पर जोर देने का फैसला किया है। नई व्यवस्था में जिला स्तर पर किसी पद के लिए नाम प्रस्तावित करने से पहले संबंधित समन्वय समिति में चर्चा होगी। समिति में विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पंचायत प्रतिनिधि, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। कांग्रेस के 19 विभागों और 34 प्रकोष्ठों में प्रदेश से जिला स्तर तक नियुक्तियां होना बाकी हैं। ऐसे में पार्टी नेतृत्व चाहता है कि आगामी नियुक्तियों को लेकर असंतोष न बढ़े और संगठन में बेहतर तालमेल के साथ काम हो।

SUNDARAM FINANCE
Enduring values. New age thinking.

vehicle for sale

1. ASSET CLASS-TRACTO R
2.MAKE- EICHER TYPR-485
3. MODEL-2024
4. RC NO.- MP-69-ZC-6971
5. ENGINE NO :- 534423727733
6. CHASSIS NO :-934511576565

SUNDARAM FINANCE LTD.
FIRST FLOOR, PLOT NO.13/2,
DHAR CHIKALDA ROAD, OPP.TO GAYATRI
MANDIR, KUKSHI DIST-DHAR MP-454331
CON-NO. 94256-00152

### कार ने 3 गायों को मारी टक्कर, एक की मौत

नेशनल हाइवे पर चक्काजाम; घायल गायों के इलाज और कार्रवाई की मांग

विदिशा,(निप्र)। विदिशा-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कुआंखेड़ी के पास रविवार रात एक कार ने सड़क पर बैठी तीन गायों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गाय घायल हो गईं। घटना से आक्रोशित ग्रामी ों ने घायल गायों के इलाज और दोषी वाहन ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जाम के कार । राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात बाधित हुआ।
सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने ग्रामी ों से बातचीत कर उन्हें समझाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामी ों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और यातायात धीरे-धीरे सामान्य

# उज्जीवन कप का शानदार आगाज



आष्टा,(निप्र)। सुभाष मैदान सोमवार को फुटबॉल के रोमांच से सराबोर नजर आया। उज्जीवन स्मॉल फायनेंस बैंक के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट उज्जीवन कप का शानदार शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला कन्नौद और बड़ोदिया की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मुकाबले के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह नजर आया और खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ व्यक्ति में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। आष्टा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने का बेहतर अवसर है। उन्होंने आयोजन के लिए बैंक प्रबंधन की सराहना करते हुए सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर टूर्नामेंट अध्यक्ष विशाल डोडी, अतीक बारी, द्वारकादादा सोनी, पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, सुशील कुशवाह, उमेर लाला, महेश प्रजापति, डॉ. हसीब खान, परमानंद प्रजापति, मोनू धनगर सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# कृषि विस्तार अधिकारियों की हड़ताल जारी




विदिशा,(निप्र)। प्रदेश भर में कृषि विस्तार अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। अपनी लंबित मांगों को लेकर अधिकारी 25 अगस्त से जिला मुख्यालय स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय में धरने पर बैठे हैं। कृषि सीजन के बीच इस हड़ताल से विभाग के मैदानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे किसानों को फसल संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन, कीट-रोग नियंत्रण और कृषि योजनाओं की जानकारी मिलने में परेशानी आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि उनकी हड़ताल का एक मुख्य कारण ई-अटेंडेंस प्रणाली का विरोध है। धरने पर बैठे कृषि विस्तार अधिकारियों ने बताया कि उनका अधिकांश काम खेतों और गांवों में होता है। वे सुबह से ही किसानों और ग्रामीणों के बीच पहुंच जाते हैं, जहां कई बार मोबाइल नेटवर्क और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं।

एक कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया, ई-अटेंडेंस हमारे काम की प्रकृति के हिसाब से व्यवहारिक नहीं है। हमारा काम करने का कोई निश्चित समय नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने के बाद नेटवर्क की समस्या के कारण समय पर ई-अटेंडेंस लगाना संभव नहीं होता।

अधिकारियों ने वेतन से जुड़ी मांग भी उठाई है। उनकी मांग है कि वर्तमान में उनका ग्रेड-पे 2400 रुपए है, जिसे बढ़ाकर 2800 रुपए किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अतिरिक्त केंद्र का प्रभार मिलने पर वर्तमान में केवल 500 रुपए भत्ता दिया जाता है, जिसे वे अपर्याप्त मानते हैं। अधिकारियों ने इसे बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि पटवारियों को हर महीने 4 हजार रुपए का भत्ता मिलता है, इसलिए कृषि विस्तार अधिकारियों को भी समान रूप से 4 हजार रुपए भत्ता दिया जाना चाहिए।आंदोलन से पहले अधिकारियों ने मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से विरोध किया।

JASH
JASH ENGINEERING LIMITED
CIN:L28910MP1973PLC001226
Registered Address: 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore 452015, Madhya Pradesh, India
Phone:- 0731-6732700 Email:- info@jashindia.com, Website:- www.jashindia.com

NOTICE OF 52nd ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given that the 52nd Annual General Meeting (AGM) of the member of the Company will be held on Wednesday, 23rd September, 2026, at 05:30 p.m. (IST) through Video Conference (VC) or Other Audio-Visual Means (OAVM), to transact the business as set out in the Notice dated 11th August, 2026, in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013, ('the Act"), The AGM will be convened in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder ("the Act"), provisions of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations") read with all applicable circulars on the matter issued by Ministry of Corporate Affairs, Government of India and Securities and Exchange Board of India

In connection of the same, kindly note as follows:

**1. Notice of AGM and Annual Report for the Financial Year 2025-26:**

a) Will be sent to Shareholders by email, whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s) and the physical copies of the Notice of the AGM and the Annual Report for the financial year 2025-26 will be dispatched to those Members who request for the same. A letter providing the web-link for accessing the Annual Report for FY 2025-26, will be sent to those Members who have not registered their e-mail IDs.

b) Will also be uploaded on the website of the Company at www.jashindia.com, websites of the Stock Exchanges i.e. National Stock Exchange of India Ltd at www.nseindia.com and BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of MUFG Intime India Private Limited at https://in.mpms.mufg.com/.

**2. Record Date & Dividend:** Members may kindly note that Wednesday, 16th September, 2026 has been fixed as the "Record Date" to determine entitlement of Members to the Final Dividend @ 50% (Rs. 1.00/-) per equity share of Rs. 2/- each for the Financial Year 2025-26, if approved at the AGM.

**3. Manner of registering /updating email addresses/KYC:**

a) Members holding Shares in Physical Form are requested to update the details in prescribed form along with relevant other forms with the Registrar & Share Transfer Agent so as to receive Annual Report and other communication electronically.

b) Members holding Shares in Demat Form are requested to update their E-mail address with their respective Depository Participant so as to receive Annual Report and other communication electronically.

**4. Manner of casting vote(s) through e-voting:**

a) Company is providing the electronic voting system (e-voting) facility provided by MUFG Intime India Private Limited to its Members to exercise their right to vote on the businesses set out in the Notice of the 52nd AGM by electronic means through both remote e-Voting and e-voting at the AGM and Members attending the 52nd AGM who have not cast their votes through remote e-voting shall be eligible to vote at the AGM.

b) Detailed instructions for VC/OAVM and the process e-voting including the manner in which shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode and shareholders who have not registered their e-mail addresses are provided in the Notice of the AGM.

c) Remote e-voting period commence on Saturday, September 19th, 2026 (09.00 a.m.) and ends on, Tuesday, September 22nd, 2026 (5.00 p.m.). The remote e-voting module shall be disabled for voting thereafter. The result of e-voting would be declared on stipulated under the relevant rules and will also be posted on the Company's website.

5. Members are requested to carefully read all notes set out in the Notice of AGM and in particular, instructions to attend and for joining the AGM and manner of casting vote through remote e-voting or e-voting at the AGM.

This Notice is being issued for the information and benefit of all the Member of the Company in compliance with applicable circulars of MCA and SEBI. For further information / clarification/ assistance in respect of e-voting and KYC related matters, concern shareholders are requested to contact the Registrar and Transfer Agent of the Company and/ or the Company at below mentioned address:

| | |
|---|---|
| MUFG Intime India Private Limited<br>C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg,<br>Vikhroli (West) Mumbai, Maharashtra – 400083<br>E-mail: enotices@in.mpms.mufg.com or help desk at rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com | Jash Engineering Ltd.<br>CIN: L28910MP1973PLC001226<br>31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area,<br>Indore (M.P.)-452001<br>Phone: 07316732700 E-mail: info@jashindia.com |

By the order of the Board
Jash Engineering Limited
Sd/-
Tushar Kharpade
Company Secretary

Place: Indore
Date: 31.08.2026